Title: Regarding indefinite period of strike of the university and college teachers in Bihar due to non-implementation of the Central and the U.G.C. pay-scale.

श्री राजीव प्रताप रूडी (छपरा) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के सभी विश्वविद्यालय और सभी अंगीभूत महाविद्यालयों में 17000 शिक्षक अपनी 29 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 9 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। सबसे प्रमुख बात यह है कि यूजीसी वेतनमान आज बिहार के शिक्षकों पर लागू नहीं हुए हैं, जिससे पूरे के पूरे शिक्षा जगत में इस बात से आक्रोश है। सैन्ट्रल पे-स्केल और यूजीसी के पे-स्केल बिहार में लागू नहीं होने के कारण पूरे शिक्षा जगत में आक्रोश व्याप्त है और शिक्षक हड़ताल पर हैं। पूरे बिहार में पढ़ाई-जलिखाई बाधित है। इसलिए मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, ताकि बिहार सरकार इस समस्या का कोई निदान निकाले।